bookmyshow

Publication: Dainik Bhaskar
Edition: Indore
Date: July 16, 2019

News in Brief

होमलेस फुटबॉल वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी मप्र की हर्षिका



इंदौर | मध्यप्रदेश की हर्षिका विश्वकर्मा 27 जुलाई से कार्डिफ (इंग्लैंड) में होने वाले द होमलेस वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी। टूर्नामेंट के 17वें संस्करण में 50 देशों के 500 खिलाड़ी भाग लेंगे। मप्र के चंदनगांव की हर्षिका देश के 15 अन्य भारतीय खिलाड़ी भी भाग लेंगे। टूर्नामेंट एक सामाजिक संगठन होमलेस वर्ल्ड फाउंडेशन द्वारा किया जाता है। यह संगठन खेल के माध्यम से वंचित समुदाय के बच्चों को एक बड़ा प्लेटफॉर्म देता है। हर्षिका विश्वकर्मा ने कहा, मैं अपने बड़े भाई और मां के साथ चंदनगांव की एक झुग्गी में रहती हूँ। जब मैं बहुत छोटी थी, तभी मेरे पिता चल बसे। तब से हम अपनी जरूरतों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि मुझे इंग्लैंड में फुटबॉल खेलने का मौका मिलेगा।